हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 5 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 सर्व विप्र समाज महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव


12 स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में कांग्रेस ने किरवाई ...




# जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को अपनाना होगा प्रीपेड बिजली बिल रिचार्ज प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड बिजली बिल रिचार्ज की प्रकिया जल्द पूरा करने और बकाया विद्युत देयक का 4 समान किश्तों में भुगतान करने के निर्देश दिये।कलेक्टर शर्मा ने बताया क़ि राज्य शासन द्वारा सभी शासकीय कार्यालयों में प्री-पेड स्मार्ट मीटर की स्थापना कर प्री-पेड बिलिंग करने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत प्रथम चरण में अगस्त 2026 से विकासखण्ड एवं उच्च स्तर तक के सभी शासकीय कनेक्शनों का स्मार्ट मीटर के माध्यम से प्री-पेड बिलिंग किया जाएगा एवं इसके उपरांत द्वितीय चरण में विकासखण्ड स्तर से निम्न स्तर के कार्यालयों में प्री-पेड बिलिंग का कार्य किया जाएगा।प्री-पेड बिलिंग पद्धति सुचारू रूप से लागू हो, यह सुनिश्चित करने के लिये विभागवार बकाया राशि को फ्रीज कर इस राशि को आगामी 4 तिमाही में समान किश्तों में भुगतान किया जाएगा। प्रीपेड रिचार्ज के लिये विभागवार नोडल अधिकारी एवं राज्य स्तर से नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। उन्होंने 4 विभागों द्वारा जिला बनाए गये नोडल अधिकारियों को अपने कार्यालय का प्रीपेड रिचार्ज तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ई -ऑफिस के क्रियान्वयन ▶▶ शेष पेज 11 पर

## समान किस्तों में करना होगा बकाया बिजली बिल का भुगतान



### सोलर दीदियों को वेंडर चयन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश

कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत समूह की महिलाओं द्वारा हितग्राही पंजीयन व वेंडर सलेक्शन की समीक्षा करते हुए कहा कि महिलाओं को सक्रिय वेंडर की सूची उपलब्ध कराएं ताकि उन्ही वेंडरों का चयन हो जो जल्द सोलर पैनल इंस्टालेशन का कार्य पूरा करते हैं। उन्होंने प्रति सोलर पैनल इंस्टालेशन पर समूह की महिलाओं क वेंडर द्वारा तय परिश्रमिक का भुगतान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती करने के भी निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद में महिला व उसके पति से मारपीट पत्थर से हमला



**सिमगा**। थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदूभाठा में जमीन विवाद को लेकर महिला व उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम तेंदूभाठा निवासी अमृत बाई यदु 42 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके हिस्से की जमीन पर निर्माण कार्य के दौरान रखी गई ईंट, रेत और गिट्टी हटाने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात पर हीरा यदु और उसका पुत्र प्रह्लाद यदु उर्फ करण यदु कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। शिकायत में आरोप है कि विवाद के दौरान हीरा यदु ने पास में पड़े पत्थर से अमृत बाई के सिर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति शिवप्रसाद यदु के साथ भी दोनों आरोपियों ने मारपीट की। घटना में महिला के सिर और गले तथा उसके पति के कान व गले में चोटें आई हैं।घटना मंगलवार 4 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे की बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 325/2026 के तहत धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खर्वे हत्याकांड : नया मोड़, गांव वाले फिर पहुंचे एसपी के पास

# हत्या में और भी लोग शामिल, ग्रामीणों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

थाना अंतर्गत ग्राम खर्वे में चर्चित कथित जहरीली शराब हत्याकांड को लेकर मंगलवार को मृतकों के परिजन और ग्रामीण बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक गौरव राय को आवेदन सौंपते हुए मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की। मृतक के परिजनों ने आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 6 फरवरी से 14 मई के बीच गांव के कई लोगों को कथित रूप से साजिश के तहत शराब में सुहागा नामक जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार इस घटना में बद्री पटेल, बुठालू साहू, छत्तूराम साहू, बुधराम जायसवाल, विनोद साहू, गजनंद मांझी, चेतूराम साहू और महेतरू राम साहू सहित कुल 8 लोगों की जान गई थी।







हरिभूमि फॉलोअप

### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

मृतकों के परिजनों एवं ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन में लगाए गए सभी आरोपों की विधिवत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की विवेचना जारी है और मेडिकल व फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट आने के बाद जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-गौरव राय**, पुलिस अधीक्षक

### परिजनों ने की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग

मृतकों के परिजनों का कहना है कि मामले को 45 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन जांच अभी तक सभी कथित आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### आवेदन में शराब पिलाकर मारने का किया दावा

मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन में यह भी दावा किया गया है कि मृतक बुधराम जायसवाल ने मृत्यु से पहले अपने परिजनों और गांव की महिलाओं को बताया था कि उसे देवनारायण जायसवाल ने शराब दी थी। तो वहीं मृतक गजनंद मांझी के संबंध में यह आरोप लगाया गया है कि आरोपी मोहन जायसवाल उसके घर पहुंचा और रामसहाय जायसवाल द्वारा दी गई शराब उसे पिलाई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

### परिजनों ने शराब पिलाकर मारने का लगाया आरोप

परिजनों का आरोप है कि अब तक इस मामले में केवल रामसहाय जायसवाल की गिरफ्तारी हुई है, जबकि देवनारायण जायसवाल, मोहन जायसवाल समेत अन्य लोगों की भी कथित संलिप्तता रही है। उनका कहना है कि सभी मृतकों को सुनियोजित तरीके से जहरीला पदार्थ मिलाकर शराब पिलाई गई थी।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा/हथबंद

नाबालिग बालिका का अपहरण कर, उसके साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी को अपर सत्र न्यायालय, भाटापारा ने 20 वर्ष कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

थाना हथबंद क्षेत्रांतर्गत ग्राम से 15 वर्ष 7 माह की नाबालिग बालिका अचानक लापता हो गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हथबंद में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। अपहता/पीड़िता को सकुशल दस्तयाब कर पूछताछ की गई, जिसमें पीड़िता ने सासाहोली निवासी 23 वर्षीय सुरेन्द्र जांगड़े उर्फ रेन्चो द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने तथा उसके सांथ दुष्कर्म होने की बात बताई, जिस पर प्रकरण में धारा 366, 376(2)(n), 376(3) भादवि तथा 5(L)/6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया।पीड़िता एवं आरोपी का डॉक्टरी परीक्षण कराकर वैज्ञानिक साक्ष्य परीक्षण कराया गया। आरोपी का मोबाइल जब्त कर, तकनीकी विश्लेषण करते हुए आरोपी की घटनास्थल पर उपस्थिति व संपर्क के पुख्ता प्रमाण जुटाए गए। पुलिस ने पर्याप्त कानूनी व परिस्थितिजन्य साक्ष्य संकलित कर महज दो माह के भीतर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।



- वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को ठहराया दोषी

अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) भाटापारा द्वारा विचारण उपरांत प्रकरण में आए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर आरोपी सुरेन्द्र जांगड़े उर्फ रेन्चो को दोषसिद्ध पाया गया और सजा सुनाई।



## खबर संक्षेप

### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चिंगरौद के एक महिला के साथ उसके पति ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। मामले को लेकर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। चिंगरौद की केशरलता निषाद के साथ 31 जुलाई की रात उसके पति बसंत निषाद ने गाली गलौज, करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करने से महिला के चेहरे, होठ, सिर एवं कान में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शहर में तीन शिक्षण संस्थानों का स्थापना दिवस आज

**महासमुंद।** शहर के तीन प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पदमावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्वर्गीय नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला का स्थापना दिवस समारोह 5 अगस्त बुधवार को प्रातः 9:30 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में विवेकानंद शिक्षण समिति के अध्यक्ष माधव शाव टांकसाले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर का 42वां, पदमावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल का 12वां तथा स्वर्गीय नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला का 38वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने शिक्षाविदों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से समारोह में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। विद्यालय परिवार की ओर से अंजली सिन्हा (प्रभारी प्राचार्य, ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर), कोमल रूपरैला (प्रभारी प्राचार्य, पदमावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल) तथा संध्या साहू (प्रभारी प्रधानाचार्य, स्व. नीलकंठ राव साकरकर उमाशा) ने सभी अतिथियों से कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह किया है।

### 137 पदों पर भर्ती के लिए रोजगार मेला आज

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 5 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगने वाले मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होकर विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में वंदना ग्लोबल लिमिटेड, सार्थक क्रिएटिव ऑर्गेनाईजेशन, अपडेट एजुकेशन टेक्नोलॉजी प्रा. लि., ईलमेक इंडस्ट्रीज, अलर्ट एसजीएस प्रा.लि. द्वारा कुल 137 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डीजल मैकेनिक, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, फीटर के साथ नर्सिंग उत्तीर्ण आवेदक रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ शिवसेना का महाधरना 22 अगस्त को

रायपुर। छत्तीसगढ़ शिवसेना ने सोमवार को चौबे कॉलोनी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक रखी। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) द्वारा दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने के दौरान मंच से हिंदू देवी-देवताओं को गाली-गलौज से संबोधित किए जाने, साथ ही हिंदुओं पर भी अपशब्द कहे जाने एवं प्रधानमंत्री व उनकी माताजी के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणी किए जाने के संबंध में रहा। सीजेपी द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई, जिसके विरोध में छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा आगामी 22 अगस्त को रायपुर जिले में महाधरना किया जाएगा। इसके अलावा बलौदाबाजार जिले में 11 अगस्त को हिंदू राष्ट्र मोर्चा की रैली निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य भारत देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करना, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना है। बैठक में दुर्ग के अध्यक्ष सम्राट सिंह को संपूर्ण दुर्ग जिले का अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही मनीष वर्मा को बेमेतरा जिला प्रभारी के पद पर नियुक्ति दी गई।

31 वर्षों से हरियाली की अलख जगा रहे ग्राम बांस बिनौरी के बीएल ध्रुव

# पौधारोपण महाअभियान में लगाए सैकड़ों पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ विकासखंड पलारी के ग्राम बांस बिनौरी में स्व. मोहन सिंह ध्रुव की प्रेरणा से प्रेरित होकर पूर्व सहायक आयुक्त भरतलाल ध्रुव ने विगत 1995-96 से लगभग 31 वर्षों से पौधे लगाते आ रहे हैं, आज वह पौधे विशाल वृक्ष बनकर मानव समाज सहित पशु पक्षियों के लिए आरामगाह शीतल छाया प्रदान कर रहे हैं।

इस तारतम्य में विगत दिनों पौधारोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना तथा समाज में एकता, भाईचारे और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देना था। पूर्व सहायक आयुक्त, परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ बीएल. ध्रुव एवं उनके सहपरिवार तथा समाजसेवी मनोज ध्रुव के नेतृत्व में अपने व्यय से ग्राम के भाटा मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों पौधों का रोपण किया। पौधों की सुरक्षा के लिए उनके चारों ओर पत्थरों से घेरा बनाकर संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बीएल ध्रुव के प्रयासों से पूर्व वर्षों में दर्रीपार तालाब, बड़े तालाब, नवाडीह मार्ग एवं अन्य सड़कों के किनारे लगाए गए 200 से अधिक पौधे जैसे बरगद, पीपल, नीम, आम आज हरे-भरे वृक्ष बन चुके हैं, जो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का जीवंत उदाहरण हैं।

इस अवसर पर मनोज ध्रुव ने बीएल ध्रुव के सराहनीय कार्य और पर्यावरण संरक्षण में समर्पण को देखते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बांस बिनौरी के सरपंच प्रतिनिधि संतलाल धीरहे,उपसरपंच प्रमिला ध्रुव, पंचगण नारद विश्वकर्मा, पुष्पा बहादुर ब्रह्मदेव, रवि देवांगन, पंवर सिंह ध्रुव, रामलाल सेन, श्यामबाबू ध्रुव, बाबू राम ध्रुव, नेमीचंद ध्रुव, रामनारायण साहू, जगदीश ध्रुव, केशव कुंजम, चंद्रेश ध्रुव, जितेंद्र ध्रुव, डेरहा राम ध्रुव, मोतीलाल खूंटे, बाबू राम, रविन्द्र भारद्वाज, दीनदयाल यादव, कृष्णा ध्रुव, ढाल सिंह ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, कुमारी सेन, शकनी ध्रुव, जागृति ध्रुव, चंद्रकला ध्रुव, लक्ष्मण ध्रुव, जीतराम, दुर्गेश ध्रुव, सूर्या ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, प्रमुख रूप से गोंडवाना भवन बांसविनौरी शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन भानु ध्रुव एवं आभार प्रकट कमलेश ध्रुव ने किया।

# विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सिमगा ब्लॉक के हायर सेकंडरी स्कूल में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम मोहरा की सरपंच तारिणी वर्मा रहीं। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, कांग्रेस महामंत्री डिगेश्वर यदु, राजेश वर्मा पंच चम्मन लाल वर्मा, राजकुमार वर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य केपी राय विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए छायादार एवं फलदार पौधों से भविष्य में विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण, छाया और प्राकृतिक लाभ प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्र-छात्राओं ने स्वयं पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य केपी राय ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की सतत जिम्मेदारी है।



# धमनी हाईस्कूल में 25 छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

मंगलवार को हाईस्कूल धमनी में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली 25 बालिकाओं को नई साइकिल भेंट की गई। मुडियाडीह, खैरी और धमनी की इन छात्राओं को यह साइकिल उनकी शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रदान की गई। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव, वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव, जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा, समाजसेवी छग्गु लाल यादव सहित प्रधानाध्यापक मुकेश चौहान एवं अध्यापिका अर्चना बरिहा उपस्थिति रही।

हरदयाल पैकरा ने कहा कि बालिका शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और साइकिल से उनकी मुश्किलें कम होंगी। रामनारायण यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं को आवागमन की सुविधा मिलने से उनकी उपस्थिति बढ़ेगी। मिनेंद कुमार यादव ने सभी बालिकाओं को बधाई दी।

प्रधानाध्यापक मुखेश चौहान ने बालिकाओं को साइकिल चलाते समय सावधानी बरतने, यातायात नियमों का पालन करने और समय पर विद्यालय पहुंचने की हिदायत दी। अध्यापिका अर्चना बरिहा ने कहा कि यह पहल बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय कदम है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, जिला बलौदाबाजार के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी केएस मरावी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोबन लाल सिन्हा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिले के विकास, शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में कर्मचारी संगठनों की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा भी की गई।

नवपदस्थ अधिकारियों ने स्वागत के लिए फेडरेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के समग्र विकास और बेहतर प्रशासन के लिए सभी विभागों तथा कर्मचारी संगठनों के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम में फेडरेशन के पदाधिकारी डॉ. एलएस ध्रुव, अविनाश तिवारी, मनोज दुबे, माखन चंद्राकर, बेनीराम साहू, रणजीत कोसले, पीके हीरवानी, संतोष साहू, रमेश लहरी, मोतीराम साहू, द्वारका कश्यप, संजय बाजपेयी, ललिता नामदेव, पंकज सोनी, अरुण वर्मा, मोहन धीवर, सर्वोदय कामता जांगड़े, सरोज धृतलहरे, योगेंद्र गेंदरे, ज्ञानी सिंह धुरू सहित फेडरेशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रवासी मजदूरों की छह घंटे पहचान परेड
## प. बंगाल के छह संदिग्ध मिले

**रायपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम को लेकर रायपुर ग्रामीण पुलिस ने सोमवार तड़के तीन बजे से सिलतरा थाना क्षेत्र में बड़े स्तर पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले करीब 600 प्रवासी मजदूरों का सत्यापन किया गया। वहीं 6 संदिग्ध मजदूरों को चिन्हित कर उनसे पूछताछ की गई। उनके दस्तावेजों और पहचान संबंधी जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। जिन आधा दर्जन संदिग्ध मजदूरों की पहचान की गई है, उनमें से ज्यादातर पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा से सटे शहरों के हैं। पुलिस अफसरों के अनुसार, उक्त अभियान एसपी ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं एसटीएफ के नोडल अधिकारी अभिषेक झा और एसडीओपी (माना) लम्बोदर पटेल के मार्गदर्शन में चलाया गया। पुलिस टीम ने सांकरा स्थित जेके वीडियो हॉल परिसर में किराए पर रहने वाले लगभग 600 प्रवासी मजदूरों का भौतिक सत्यापन किया।

# सर्व विप्र समाज महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव




हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

सर्व विप्र समाज महिला मंडल द्वारा तिल्दा रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। समाज की महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पेपर कप सहित अन्य मनोरंजन खेल भी कराए गए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला मंडल की ओर से सभी सुहागिनों को सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष सुवर्णा शर्मा, विशेष अतिथी नंदनी मिश्रा, रमा तिवारी, प्रियंका, तिवारी, स्वेता अवस्थी, ममता चर्तुवेदी, नंदनी तिवारी, मीना शुक्ला, अलका मिश्रा, गौरी शर्मा, आरती शर्मा, नीहारिका नीधी, श्रेया काजल, रत्ना, रजनी, लक्ष्मी, स्मिता, सुनीता, मिनु, संगीता, अंजली, तृप्ती, कीरण, अवनी, अंश्यु, कुमूद, काजल, स्मृति सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सैनिकों के लिए शाश्वत स्कूल के छात्रों ने बनाई राखियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर शाश्वत स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए अपने हाथों से रंग-बिरंगी राखियां तैयार कीं। विद्यालय के केजी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इन राखियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा, जिन्हें सैनिकों तक भेजने की व्यवस्था की गई।

विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों, मोतियों, फूलों और आकर्षक धागों से राखियां सजाईं। प्रत्येक राखी के साथ आप सुरक्षित तो देश सुरक्षित और जय हिंद जैसे प्रेरणादायी संदेश भी लिखे गए।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि देश के जवान दिन-रात सीमाओं पर रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। बच्चों की यह पहल उनमें देशभक्ति, कर्तव्यबोध और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करेगी।

बीईओ ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों तक इस तरह के स्नेहपूर्ण संदेश पहुंचने से उनका मनोबल और उत्साह बढ़ता है। इसके बाद सभी राखियों को सुरक्षित रूप से सैनिकों तक भेजने के लिए संग्रहित किया गया।

संत रविदास समरसता कलश यात्रा को लेकर भाजपा मंडल संडी ने बनाई कार्ययोजना

# तिरंगा अभियान व कलश यात्रा तैयारी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| संडी बंगला



भाजपा मंडल संडी की नियमित मासिक बैठक संडी में मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू के नेतृत्व में हुई। बैठक में बूथ सत्यापन, हर घर तिरंगा अभियान और संत रविदास समरसता कलश यात्रा को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। कार्यकर्ताओं को आगामी अभियानों को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दिलाया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी मेलाराम साहू जिला मंत्री, प्रमुख अतिथि नंद कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष, तेजराम वर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र साहू, मोनू महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य एवं राम खिलावन वर्मा जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

मेलाराम साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ है। प्रत्येक बूथ का सत्यापन समय पर पूर्ण किया जाए और पन्ना प्रमुखों को सक्रिय किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित बैठकें आयोजित करने एवं जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने का आह्वान किया।

नंद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में हर घर तिरंगा अभियान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराना राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगा। मंडल स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का माहौल बनाने की अपील की गई।

मिथलेश मुकेश साहू ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संगठनात्मक अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करें। उन्होंने 'हर घर तिरंगा' को महज औपचारिकता न मानकर जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। साथ ही, संत रविदास की कलश यात्रा के स्वागत को सामाजिक समरसता का पावन अवसर बताया।

तेजराम वर्मा ने कहा कि बूथ सत्यापन कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। संत रविदास जी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने पर भी बल दिया।

बैठक में बूथों का भौतिक सत्यापन करने एवं पन्ना प्रमुखों की टोली को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकालने की रणनीति बनाई गई। संत रविदास समरसता कलश यात्रा के संडी आगमन पर ढोल-नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करने का निर्णय लिया गया।

### ये हुए उपस्थित

बैठक का संचालन महामंत्री पप्पू वर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री भीष्मदेव सोनवानी ने किया। इस अवसर पर हुलास वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, पुनीत वर्मा, राजू बंजारे, परमेश्वरी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, गोरेलाल यादव, मुकेश साहू, यशवंत तिवारी, हिमांशु वर्मा, सुधेराम वर्मा, रामायण धीवर, अभीराम साहू, टेकराम पटेल, भगत वर्मा, देवप्रसाद राजपूत, देवकुमार वर्मा, रामलाल टंडन, कामेश्वर साहू, देवप्रसाद चन्द्रवंशी, विरेन्द्र साहू, कमलेश साहू, मनोज साहू, संतराम साहू, अशोक साहू, आगेश्वर कश्यप, रमेश कन्नौजे, तेजनाथ टंडन, ललीत बंजारे, नीलकंठ, जगदेव साहू, रेवाराम चतुर्वेदी, कमलनारायण साहू, बीरसिंह साहू, नंद चन्द्राकर, भारत वर्मा, प्रेमलाल फेकर, खेलावन निर्मलकर, किशन मनहरे, नंदलाल वर्मा, कामदेव यादव, छबी साहू, उत्तम फेकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कनेकेरा में सहस्त्र जलधारा अभिषेक व महाआरती 7 को

**महासमुंद।** चार धाम भागवत कथा आयोजन समिति एवं मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडेय द्वारा कनेकेरा मंदिर में भगवान कनेश्वर महादेव का सहस्त्र जलधारा व 11 तत्वों से महाअभिषेक शुक्रवार 7 अगस्त को किया जाएगा। आचार्य पंकज तिवारी व उनके पुरोहितों के सानिध्य में होने वाले इस अभिषेक की जानकारी देते हुए मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, राजेश नायक ने बताया कि यह आयोजन कनेकेरा मंदिर में पहली बार होने जा रहा है। 1008 छिद्र वाले पात्र से कनेश्वर महादेव का जल, दूध व अन्य 11 तत्वों से महाअभिषेक होगा। महाअभिषेक के बाद भोलेनाथ की महा आरती की जाएगी, विधि विधान से पूजन उपरांत नदी तट पर सात देव वृक्ष का रोपण किया जाएगा। बरगद, पीपल,बेल, आंवला इत्यादि पौधे रोपे जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि चार धाम भागवत कथा पूर्ण होने की स्मृति में यह देव पौधे लगाए जा रहे हैं। जिससे जब भी कोई तीर्थ यात्री कनेकेरा पहुंचे तो उन्हें चारों धाम भागवत कथा की स्मृति सहज ही ताजा हो जाए। इसके अलावा लोगों को यह संदेश देना भी है कि जब भी कहीं कुछ धार्मिक आयोजन हो तो उन्हें प्रकृति से जुड़ने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### चारभाठा में हुई प्रधान पाठकों की बैठक

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम मोंगरापाली संकुल केंद्र के प्रधान पाठकों की संकुल स्तरीय आवश्यक बैठक प्राथमिक शाला चारभाठा में संकुल प्राचार्य विकास साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन संकुल समन्वयक ठाकुर राम साहू ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा बागबाहरा जनपद में शिक्षा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के संदर्भ में आयोजित किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रतिदिन प्रार्थना सभा में राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, अनमोल वचन व सामान्य ज्ञान, भोजन पूर्व भोजन मंत्र, अवकाश के पूर्व राज्य गीत व शांति पाठ कराने, सभी कक्षा में विद्यार्थी विकास सूचकांक, शाला प्रबंधन समिति व बाल कैबिनेट गठन के नियमित प्रयोग पर जोर दिया गया। बैठक में संकुल के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के प्रधान पाठक उपस्थित थे। जिसमें कौतुक पटेल, दिलीप कुमार साहू, सतीश कुमार शुक्ल, लिलेश्वर चक्रधारी आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### जिले के सभी...

की समीक्षा करते हुए राज्य शासन की मंशा अनुसार सभी फाइलों का मूवमेंट एवं पत्राचार शत प्रतिशत ई-ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स,मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन, स्वामित्व योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन, सेवा सेतु पोर्टल आदि की समीक्षा की।बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, ए.आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित, एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# रावत और ठेठवार को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग में शामिल कराने केंद्रीय मंत्री से मिला प्रतिनिधि मण्डल

## तोखन साहू ने सामाजिक न्याय मंत्री को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष रमेश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की तथा उन्हें कटघोरा से डोंगरगढ़ तक रेल लाइन स्वीकृत करने की बधाई दी।

तत्पश्चात यदु ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को अवगत कराया की विगत वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रावत जाति को केंद्रीय सूची में शामिल करने तथा छत्तीसगढ़ में निवास ठेठवार यादव जाति जिसका सूची में हिंदी उच्चारण गलत होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है उसको संशोधन कर थेथवार को ठेठवार करने का अनुशंसा पत्र सामाजिक न्याय मंत्रालय भारत सरकार के विचार अधीन है,पत्रों के अवलोकन करने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्रजी को तत्काल पत्र लिखकर केंद्र सरकार की सूची में जोड़ने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पहुंचकर इस विषय से तत्काल मंत्री को अवगत कराया जावेगा,

इस अवसर पर प्रतिदिन मंडल में बिलासपुर के संभागीय अध्यक्ष धनु यादव जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष श्री राम यादव, मंजीत यादव, दीपक यादव, छोरा यादव ,जागेश्वर यादव, गोविंद यादव,अभिमन्यु यादव, मन्नू यादव ,गोपाल यादव, आदि समाज के लोग उपस्थित थे।



### प्रतिनिधिमंडल 21 अगस्त को दिल्ली रवाना होगा

उन्होंने यादव समाज के एक प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली आमंत्रित कर केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कराने की बात कही। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव महासचिव मनोज यादव के नेतृत्व में आगामी 21 अगस्त को 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वहां पहुंचकर वीरेंद्र केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय मंत्रालय से भेंट कर दोनों आवेदन को आदेश करने निवेदन करेंगे। इसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।

## सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

# करही बाजार ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करहीबाजार

करही बाजार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के दिन और रात में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्रवासियों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार घंटों तक बिजली गुल रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं छोटे व्यापारियों, दुकानदारों एवं किसानों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा



है। घरों में पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य आवश्यक घरेलू कार्य भी बाधित हो रहे हैं। भीषण गर्मी और उमस के कारण बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। बुजुर्गों, महिलाओं एवं छोटे बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति में लगातार बाधा आने के बावजूद विभाग की ओर से न तो कोई पूर्व सूचना दी जाती है और न ही समस्या के समाधान के लिए स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इससे लोगों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि करही बाजार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही यदि किसी तकनीकी कारण से बिजली बंद करनी पड़े तो इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दी जाए, ताकि लोग आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर सकें।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और अघोषित कटौती पर रोक नहीं लगी, तो वे संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नागरिकों का कहना है कि समय पर बिजली उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है और उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली इस परेशानी से जल्द राहत मिलनी चाहिए।

# दतान खैरा स्कूल और उपस्वास्थ्य केंद्र प्रांगण बना शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखण्ड पलारी के अंतीम छोर पर बसा ग्राम दतान खैरस्थित हायर सेकंडरी स्कूल और आयूष्यमान उपस्वास्थ्य केंद्र तथा आयुर्वेद आश्रम के गेट एवं प्रांगण में शराब प्रेमी शाम होते ही गेट के पास और गेट लांघ कर अंदर प्रांगण में प्रवेश कर जाम छलकाते नजर आते हैं। वहीं शराबखोरी करने के बाद बॉटल, डिस्पोजल, चखना आदि छोड़ देते हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा इस तरह के हरकत से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त।

आयुष्मान उपस्वास्थ्य केंद्र और हायर सेकंडरी स्कूल तथा आयुर्वेद आश्रम के एक ही मैदान के अंदर है जहां पर शाम रात मदिरापान करके चखना के जूठे अवशेष छोड़ कर चले जाते हैं जिसकी साफ सफाई नित्य ही ये तीनों संस्थान द्वारा की जाती है। स्थानीय निवासी ही इस कृत्य को अंजाम देते हैं जहां पर उसके बच्चों की पढ़ाई होती है एवं आसपास से मरीज इलाज के लिये एवं डिलिवरी के लिये गर्भवतियों को लाया जाता है। ग्राम संरक्षक



दतान (खैरा) मूकेश ठाकुर द्वारा अपने टीम के साथ जब पहुँचते है, तो भनक लगते ही शराबी भाग जाते हैं। उन्होंने कोटवार से इसकी मुनादी कराई है कि शिक्षा के मंदिर और स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में पकड़ाए जाने वाले शराबियों पर कारवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने ऐसे लोगों पर पुलिस कार्यवाही की मांग की है।



# एक्टीवा में गांजा ले जाते महिला और युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में सोमवार को थाना के सामने मेन रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सरसीवां की ओर से एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीव्ही 7563 में एक लड़का पीछे में एक महिला को बैठाकर कोरबा की ओर जाने वाला है।

महिला के बैग में तथा वाहन के सीट के नीचे गांजा रखा हैं। सूचना पर स्टापर लगाकर वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान उक्त एक्टीवा वाहन में सवार एक महिला व एक पुरूष आते मिले जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ पर एक्टीवा वाहन का चालक अपना नाम विजय कुमार पालकर पिता संतराम पालकर 26 वर्ष निवासी ग्राम पहरिया थाना बलौदा जिला जांजगीर चाम्पा हाल मुकाम गीतांजली कर्ष के किराये के घर सीतामणी कोरबा तथा पीछे बैठी महिला अपना नाम रंजीता दुबे पति मनोज दुबे 38 वर्ष निवासी प्रगति नगर दर्री थाना दर्री जिला कोरबा बतायी। वाहन के सीट के नीचे तथा बैग में रखे सामान के संबंध में गोल मोल जवाब देने लगे, आरोपी रंजीता के पर्स से बैंक ऑफ बडौदा का चेक बुक व नकदी रकम को बरामद कर वाहन व बैग की अलग अलग तलाशी ली गयी।

एक्टीवा के सीट के नीचे दो पैकेट तथा बैग में तीन पैकेट मादक पदार्थ मिला, जिसे आरोपी विजय व रंजीता ने गांजा होना बताया। गांजा को रंजीता ने स्वयं का होना, जिसे पदमपुर से एक व्यक्ती के पास से खरीद कर लाना बताया जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष एक्टीवा से बरामद दो पैकेट व रंजीता के बैग से मिले तीन पैकेट कुल 9.295 किलो जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड भेजा गया।

# मुड़पार में 450 गोवंश का टीकाकरण, पशुपालकों से वार्षिक टीकाकरण कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में गोवंश एवं भैंसवंश को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सालय से आए चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने घर-घर जाकर कुल 450 गायों का टीकाकरण किया।

टीकाकरण अभियान में डॉ. गामिनी टांडेल (एवीएफओ), संतोषी ध्रुव (परिचारक) तथा उधोराम भूआर्य ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने प्रत्येक पशुपालक के घर पहुंचकर पशुओं को टीका लगाया।

अभियान की सफलता में ग्राम



के ग्वालों एवं पशुपालकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विशेष रूप से जीवराखान यादव, जीवनधन यादव एवं लोकनाथ सेन ने डॉक्टरों के साथ मिलकर टीकाकरण कार्य में अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर डॉ. गामिनी टांडेल ने बताया कि बरसात के मौसम में गोवंश एवं भैंसवंश को एचएस हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया और बीक्यू ब्लैक क्वार्टर जैसी घातक संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष टीकाकरण कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि इन बीमारियों के प्रमुख लक्षण तेज बुखार, गले एवं नाक के आसपास सूजन, सांस लेने में कठिनाई तथा घरघराहट की आवाज हैं। समय पर टीकाकरण ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम के अंत में पशु चिकित्सालय की ओर से अभियान में सहयोग देने वाले सभी पशुपालकों एवं ग्वालों का आभार व्यक्त किया गया।

# लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक का डॉ. सुदीप ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने लोकसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक-2026 पारित होने का स्वागत किया है। डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। पेपर लीक, नकल तथा संगठित परीक्षा माफिया जैसी गतिविधियां प्रतिभाशाली युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय करती हैं और परीक्षा प्रणाली के प्रति समाज का विश्वास कमजोर करती हैं। ऐसे में यह संशोधन विधेयक परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का मार्ग और अधिक प्रभावी बनेगा, जिससे योग्य एवं प्रतिभाशाली युवाओं को समान अवसर प्राप्त होंगे। डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के हितों की रक्षा तथा पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक-2026 इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है, जो देश की परीक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाएगा।



# विधायक इन्द्र ने किया नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम पंचायत माचाभाट में रंगमंच लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव थे। विधि-विधान से पूजा-अर्चना और फीता काटकर नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और ग्रामीण जन उपस्थित थे। विधायक इन्द्र साव ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, रंगमंच का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का मंच है। उन्होंने आगे कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस गरिमामयी लोकार्पण समारोह में सरपंच परमेश्वर यदु, पूर्व सरपंच शांति रामकुमार यदु, ठेठवार समाज प्रमुख व्यासनारायण यदु, राजेश यदु, रामनारायण यदु, रामफल, तुलसीराम, पंचराम, लक्ष्मीकांत यदु, कोटवार सेवादास मानीकपुरी, बसंत यादव, परदेशी यादव, कलेसर यादव, फागुराम यादव, पंच धनीराम ध्रुव, बिहारी ध्रुव, गड़ूर ध्रुव, कृष्णा यादव, गुलाम यदु, कमल साहू, त्रिभुवन यदु, सुधीर शर्मा, मुकेश, मनीष कुमार, रामभजन ध्रुव, इंद्राज ध्रुव, पोषण साहू, शोभित यदु, रामचन्द्र यदु, सहित बड़ी संख्या में युवा वर्ग उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कहकशा (**Vinod Kumar**), पिता गुलाब प्रसाद तिवारी निवासी वृन्दावन बस्ती तरेगा मार्ग, परशुराम वार्ड, भाटापारा (न.पा.) भाटापारा, बलौदा बाजार छत्तीसगढ़-493118 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम (**Vinod Kumar**) को त्याग कर नया नाम (**Vinod Kumar Tiwari**) रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम कहकशा (**Vinod Kumar Tiwari**) से ही जाना व पहचाना जावे।

**विनोद कुमार तिवारी**
H.No 82, **वृन्दावन बस्ती तरेगा मार्ग, परशुराम वार्ड, भाटापारा (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कहकशा (**Ritu Tiwari**), पति विनोद कुमार तिवारी निवासी वृन्दावन बस्ती तरेगा मार्ग, परशुराम वार्ड, भाटापारा (न.पा.) भाटापारा, बलौदा बाजार छत्तीसगढ़-493118 यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम (**Ritu Tiwari**) को त्याग कर नया नाम (**Reetu Devi Tiwari**) रख ली हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम कहकशा (**Reetu Devi Tiwari**) से ही जाना व पहचाना जावे।

**रीतु देवी तिवारी**
H.No 82, **वृन्दावन बस्ती तरेगा मार्ग, परशुराम वार्ड, भाटापारा (छ.ग.)**



# गुड़ और शक्कर के दामों में आया उछाल, 55 रुपए किलो तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

गुड और शक्कर के दामों में बीते 10 से 15 दिनों में आयी भारी तेजी के चलते उपभोक्ताओं को अचम्भित और हैरानी में डाल दिया है। शक्कर की कीमत भी अर्ध शतक पार कर चिल्हर बाजार में 55 रूपये किलो हो गयी है।

वहीं गुड भेली वाला 70 रूपए एवं चट्टीवाला 65 रूपए किलो बिकने लगा है। वहीं जुलाई माह से त्योहारों का सीजन शुरू हो जाता है, जो दिपावली तक चलता है, जिसके कारण शक्कर और तेल की खपत ज्यादा रहती है।

नवंबर महीने तक शक्कर और गुड़ के दामों में कोई कमी के आसार नजर नहीं आ रहे हैं, क्योंकि जब तक गन्ने की नई फसल नहीं आ जाती तब तक कुछ कहा नहीं कहा जा सकता कि आगे दामों की क्या स्थिति रहेगी।

बताया जाता है कि इस साल फसल कि स्थिति भी कमजोर रही है। वहीं गन्ने का उपयोग एथेनॉल बनाने के लिए भी किया जा रहा है, जिसके कारण कमजोर व हल्के किस्म के गन्ने एथेनॉल बनाने में हो रहा, जिससे पहले शक्कर बनाया जाता था। भले ही हल्के किस्म के गन्ने से बनी शक्कर थोडी क्वालिटी में कमजोर रहती थी, बावजूद इसके आम उपभोक्ताओं को कम दाम में मिल जाया करती थी।

## 15 दिनों में शक्कर 12 रुपये महंगी, एथेनॉल की बढ़ती मांग से कीमतों में उछाल

### आम उपभोक्ताओं का बिगड़ा बजट

ज्ञात हो कि जो शक्कर बीते पन्द्रह दिन पहले 43 रूपये किलो था। वह अचानक 55 रूपए हो जाय तो यह सोचनीय विषय हो जाता है, अचानक 12 रूपए किलो की वृद्धि का असर आम उपभोक्ताओं के बजट पर निश्चित रूप से पड़ेगा। शक्कर के दाम बढ़ने के पीछे क्या कारण है यह तो स्पष्ट नहीं है कि लेकिन शक्कर जहां से आता है वहां से आवक कम है और बढ़े हुए दाम में मिल रहा है, जिस हिसाब से उन्हें शक्कर थोक व्यापारियों से मिलती है, उसी के हिसाब से चिल्हर में आम उपभोक्ताओं को बेचा जाता है।



### शक्कर उद्योग पर बढ़ा दबाव

इसके पूर्व गन्ने का वेस्ट एथेनॉल बनाने में उपयोग होता था, किन्तु अब गन्ने की खेती करने वाले किसान अपना गन्ना एथेनॉल बनाने के लिए बेच रहे हैं, जिसके कारण शक्कर बनाने गन्ने की कमी भी गुड शक्कर के दामों में तेजी का कारण हो सकती है। किराना व्यापारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि जिस हिसाब से शक्कर की डिमांड है उसके अनुरूप आपूर्ति कम हो रही है।

## खबर संक्षेप



### 68 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**खरोरा।** अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र पुत्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबीर से 3 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रायखेड़ा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब को बिक्री कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थानों पर से घेराबंदी कर आरोपी गजेन्द्र पिता कुवंर सिंह ध्रुव 50 साल साकिन रायखेड़ा से 68 पौवा देशी जब्त की। आरोपी को शराब रखने संबंध में कागजात नहीं होना पाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गढ़फुलझर में छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम गढ़फुलझर के शिवकुमार मिरी के साथ 31 जुलाई की शाम उसके बड़े भाई मनीराम मिरी ने घरेलू बातों को लेकर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट कर दी, जिससे प्रार्थी को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा प्रवेश के लिए 8 तक पंजीयन

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश के लिए चतुर्थ चरण की संस्था स्तरीय काउंसिलिंग के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट परीक्षा उत्तीर्ण की है अथवा डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे 08 अगस्त 2026 तक संचालनालय तकनीकी शिक्षा, रायपुर की वेबसाइट www.cgdte.admissions.nic.in में ऑनलाइन पंजीयन कर काउंसलिंग के लिए अपना विकल्प भर सकते हैं। जारी मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर सीट आबंटन का अवसर प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को 13 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे संबंधित संस्था में सभी मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### निधन

#### जगदीश प्रसाद जायसवाल



**बलौदाबाजार।** रिटा.प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद जायसवाल का निधन हो गया। जिनका काठी का कार्यक्रम 4 तारीख को हुआ। वे भुवन जयसवाल के चाचा एवं नारायण जायसवाल के पिताजी थे।

## आवेदन से आगे बढ़कर जनआंदोलन का रूप लेगा कांग्रेस का अभियान

# स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में कांग्रेस ने किरवई में भरवाया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू भाटिया के नेतृत्व में ग्राम किरवई से स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में जनता के बीच पहुंचकर आवेदन भरवाने का अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान कांग्रेस नेताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया तथा स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली बिलों के संबंध में जानकारी देते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीणों से आवेदन भरवाए। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना का प्रचार तो बड़े स्तर पर कर रही है, लेकिन दूसरी ओर बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर के माध्यम से आम जनता की जेब पर लगातार बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को एक ओर 1000 देने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों रुपये के बिजली बिल थमाकर उससे कई गुना राशि वापस वसूली जा रही है। यह आम जनता के साथ छलावा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट बिजली मीटर जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से लगाए जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस जनता के हितों की रक्षा के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है और जरूरत पड़ने पर सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आवेदन भरकर इस जनहित के अभियान को सफल बनाए। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री हेमलाल साहू एवं विष्णु कोसले ने भी सभा को संबोधित किया। उक्त मौके पर मंडल अध्यक्ष शामलाल देवांगन, जिला महामंत्री राजा तिवारी, महेश निर्मलकर,यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी, किशोर देवांगन, विक्की पांडे, नागेश साहू, खिलावन देवांगन, पदुम साहू, अशोक साहू, दयाराम साहू, पुरन साहू, मुकेश साहू , दुखला पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### मांगें नहीं मानी गईं तो सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि कांग्रेस गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर जनता की आवाज को मजबूत करने का कार्य कर रही है। कांग्रेस का यह अभियान केवल आवेदन भरवाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन का रूप लेगा। यदि सरकार जनता की मांगों को अनदेखा करती है तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करते हुए सड़क पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### स्मार्ट मीटर से बढ़ा जनता पर बोझ : सुनील

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिजली बिल हाफ योजना के माध्यम से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली थी, जिससे लोगों का घरेलू खर्च कम हुआ था। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। महतारी वंदन की वसूली स्मार्ट मीटर के माध्यम से भाजपा सरकार कर रही है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद लोगों के बिजली बिल कई गुना बढ़ गए हैं और सामान्य परिवारों को 4000 से 5000 तक के बिल मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ जनता के साथ खड़ी है और जब तक स्मार्ट मीटर तथा बढ़े हुए बिजली बिलों की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# विधायक संदीप साहू से मिले कांग्रेस कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप साहू से उनके निवास पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं तथा आगामी विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न पंचायतों और गांवों से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और संगठन को अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ जनता के बीच सक्रिय रहने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर राज साहू, हितेश बंजारे, विजय साहू, सुमित गिरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम वर्मा, योगेश बंजारे, चंदन साहू कमलेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्षेत्र के विकास और संगठन को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में विधायक संदीप साहू ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में आम जनता की समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विधायक के समक्ष अपने सुझाव और मांगें रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में कई नई विकास योजनाओं को भी गति दी जाएगी।

# जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

जिले को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय टीबी मुक्त भारत समिति की बैठक कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आ गा मी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम न मानकर जनभागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के रूप में इसे संचालित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीबी मुक्त पंचायत की दिशा में प्रत्येक पंचायत में टीबी जांच एवं मरीजों की पंचायतवार स्थिति का नियमित परीक्षण एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने जिले के प्रत्येक टीबी मरीज के लिए निक्षय मित्र उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए सभी शासकीय विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी संस्थानों, उद्योगों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से संपर्क कर अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराकर टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।



### जिले में निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीबी की शीघ्र पहचान, निःशुल्क जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी, बुखार, वजन कम होना अथवा रात में पसीना आने जैसे लक्षण हों तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर जांच एवं उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है।

# संत रविदास जयंती पर जिलेभर में चलेगा समरसता संकल्प अभियान



बलौदाबाजार। भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा है कि संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिलेभर में समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान के तहत सभी मंडलों में कलश यात्रा निकालकर संत रविदास के जीवन-दर्शन, विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

आनंद यादव ने कहा कि संत रविदास समाज के लिए प्रेरणापुंज हैं और उनके समानता, एकता तथा समरसता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले वर्ष माघ पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों से संपर्क कर संत रविदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि वाराणसी से लाई गई पवित्र माटी एवं जलयुक्त कलश का पूजन राजधानी के श्रीराम मंदिर में संत-महात्माओं की उपस्थिति में किया गया। इसके बाद 4 अगस्त को राजधानी स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, साधु-संतों तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश के 36 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों को कलश सौंपे जाएंगे, जिसके बाद 479 मंडलों में कलश यात्रा निकाली जाएगी।यादव ने कहा कि जिले में भी पवित्र कलश का व्यापक भ्रमण कराया जाएगा, जिससे संत रविदास के समरस समाज के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार हो तथा समाज में सद्भाव, समानता और सामाजिक एकता का वातावरण मजबूत हो सके।




